# एयरपोर्ट खोलेगा ग्रामीणों के आर्थिक विकास का पिटारा

## मुफलिसी में दिन काट रहे हवाईअड्डे से प्रभावित 14 गांवों के ग्रामीणों की बढ़ेगी आमदनी

नवीन कुमार

**यमुना सिटी।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के आने से जेवर क्षेत्र ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। एयरपोर्ट से प्रभावित गांवों के परिवार भी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे। अभी प्रभावित गांवों की स्थिति अच्छी नहीं है। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हैं। तीसरे चरण से प्रभावित 6241 परिवारों में से केवल 5 प्रतिशत की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से अधिक है। जबकि 71 प्रतिशत परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपये से भी कम हैं।आय का स्रोत नौकरी, मजदूरी और व्यापार हैं। पहले चरण में मुआवजा ले चुके ग्रामीण अलग-अलग जगह निवेश कर आमदनी बढ़ा रहे हैं।

जेवर में नोएडा एयरपोर्ट के तीसरे चरण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इसमें कुल 14 गांवों की जमीन ली जा रही है। प्रशासन ने इन 14 गांवों का सर्वे कराया है। ताकि इनको पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का लाभ दिया जा सके। इन गांवों में 19000 परिवार हैं। सर्वे में इन परिवारों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन किया गया है। 19000 में से 6241 परिवार की आय का स्त्रोत नौकरी, व्यापार, मजदूरी व अन्य हैं।

इनमें से 21 प्रतिशत परिवार की वार्षिक आय 50 हजार रुपये से कम है। जबकि 51 प्रतिशत परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से एक लाख के बीच में हैं। केवल 22 प्रतिशत परिवार ऐसे हैं, जिनकी वार्षिक आय एक से 5 लाख रुपये के बीच हैं। मात्र 5 प्रतिशत परिवारों की आमदनी साल में 5 लाख रुपये से अधिक हैं। लोगों का कहना है कि अब जमीन का मुआवजा मिलेगा तो वो आय के अन्य साधन शरू करेंगे।

सांकेतिक



**6241**

**में से केवल 5 प्रतिशत परिवार ही कमा रहे तीसरे चरण में साल में 5 लाख से अधिक**

**तीसरे चरण से प्रभावित गांव :** थोरा, नीमका शाहजहांपुर, ख्वाजपुर, रामनेर, किशोरपुर, बनवारीवास, पारोही, मुकीमपुर शिवारा, जेवर बांगर, साबौता मुस्तफाबाद, अहमदपुर चौरोली, दायनतपुर, बंकापुर और रोही।

### 304 लोगों के पास है सरकारी नौकरी

तीसरे चरण से प्रभावित 14 गांवों के 304 लोग ही सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थान में नौकरी करते हैं। 7916 पुरुष व महिलाओं का अपना व्यवसाय कृषि, गृहणी, पशुपालन और डेयरी हैं। 287 लोग का चिकित्सक, अधिवक्ता और स्वयं का व्यवसाय हैं। 1149 लोग निजी नौकरी कर रहे हैं। वहीं 2850 लोग श्रमिक, कृषि मजदूर या हस्त शिल्पकार हैं। 206 लोगों को पेंशन मिल रही है। वहीं 6652 युवा अपनी पढ़ रहे हैं। इन गांवों के 11515 लोगों के बारे में प्रशासन जानकारी नहीं जुटा सका।

## एयरपोर्ट की पूर्वी दिशा में बनेगी 30 मीटर चौड़ी सड़क

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट की पूर्वी दिशा में 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। इसका प्रयोग कार्गो टर्मिनल के साथ-साथ फायर और वीआईपी मूवमेंट के लिए किया जाएगा। सड़क के निर्माण के लिए प्रशासन ने अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रविवार को जमीन पर कब्जा लेने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए। एक माह के अंदर जमीन पर कब्जा लिया जाएगा। भविष्य में इस सड़क को 60 मीटर चौड़ा भी किया जा सकेगा। जेवर में नोएडा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। एक रनवे के साथ इस साल एयरपोर्ट का संचालन शुरू होने की उम्मीद है। एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल से यमुना एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण हो रहा है। इसी के तहत पूर्वी दिशा में भी 60 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होगा, लेकिन पहले चरण में 30 मीटर चौड़ी सड़क बनेगी। भविष्य में इस सड़क को 30 मीटर और चौड़ा किया जा सकता है। उसी हिसाब से प्रशासन 6.9278 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण करेगा। अफसरों ने बताया कि यह जमीन रोही, रन्हेरा, पारोही और दस्तमपुर गांव की होगी। रविवार को जमीन पर कब्जा लेने का नोटिस जारी कर दिया गया है। एक माह के अंदर जमीन पर कब्जा लिया जाएगा। ब्यूरो

■ **दमकल व एंबुलेंस भी कर सकेंगी आवागमन :** साथ ही दमकल वाहन व एंबुलेंस भी आवागमन कर सकेंगे। वीआईपी भी सड़क का प्रयोग कर सकते है। अगर किसानों को जमीन से संबंधित किसी भी तरह की बात रखनी है तो वो 6 अक्तूबर तक ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-2 स्थित अपर जिलाधिकारी भू आधिपत्य कार्यालय में आ सकते हैं। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक उनकी बात सुनी जाएगी। हालांकि अभी जमीन अधिग्रहण का मुआवजा तय नहीं हुआ है।

"एयरपोर्ट के पूर्वी दिशा में 30 मीटर सड़क का निर्माण होगा। नोटिस जारी कर जमीन पर एक माह के अंदर कब्जा लिया जाएगा। अगर किसी किसान को दावा या अपना हित रखना है तो कार्यालय में आ सकते हैं। **-बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी (भू-आधिपत्य)**